सं.ए-45011/4/2020-प्रशा.III

**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**(आर्थिक कार्य विभाग)**

********

नई दिल्ली, दिनांक: 1st जनवरी, 2021

**कार्यालय ज्ञापन**

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित नवम्बर, 2020 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

अनु पी. मथाई

**(अनु पी. मथाई)**

**सलाहकार (प्रशा. एवं आईईआर)**

**दूरभाष: 23092449**

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. राज्य मंत्री (वित्त) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव, सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव(दीपम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव (श्री ए. गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. डॉ. सी.एस. महापात्रा, अपर सचिव(एफएस एंड सीएस), आर्थिक कार्य विभाग।
14. श्री के. राजारामन, अपर सचिव (प्रशासन एंड निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
15. सुश्री मीरा स्वरूप, अपर सचिव और वित्त सलाहकार (वित्त)।
16. श्री ए.एम. बजाज, अपर सचिव (एफएम), आर्थिक कार्य विभाग।
17. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
18. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष। संयुक्त सचिव (बजट)/संयुक्त सचिव बीसी एण्ड आईईआर/संयुक्त सचिव(निवेश)/सलाहकार (सीएंडएसी/एफएसएलआर/एफएस एंड सीएस)/सलाहकार (आईईआर)/सीएएए।
19. श्री राजेश मल्होत्रा, अपर महानिदेशक (एम एंड सी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
20. गार्ड फाइल – 2021

सं. ए-45011/4/2020-प्रशा.III
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)

**विषयः नवम्बर, 2020 माह के दौरान आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार।**

**1. वृहत-आर्थिक सिंहावलोकन**

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछली तिमाही में दर्ज रिकार्ड गिरावट से 2020-21 की दूसरी तिमाही में प्रभावशाली बहाली विन्यस्त की है, जिससे ज्ञात होता है कि आर्थिक गतिविधियों की बहाली गतिशील हो रही है। 2020-21 की दूसरी तिमाही में जीडीपी (-)7.5 प्रतिशत संकुचित हुई है जो 2020-21 की पहली तिमाही में (-)23.9 प्रतिशत के संकुचन की तुलना में काफी कम है। आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत सरकार की समर्थनकारी नीतियों के परिणामस्वरूप सितम्बर से नवम्बर, 2020 में पहले से काफी अधिक आर्थिक गतिविधियां हुईं। यह उच्च आवृत्ति संसूचकों जैसे कि पीएमआई विनिर्माण, पीएमआई सेवाओं, बिजली की खपत, यात्री वाहनों की बिक्री, ट्रैक्टरों की बिक्री, ई-वे बिलों, जीएसटी संग्रहणों, रेलवे मालभाड़ा, कार्गो यातायात, घरेलू विमानन यात्रियों तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के अंतर्वाह की वृद्धि से स्पष्ट होता है। संभवतः भौतिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग) बनाए रखने की स्थिति से ऊब जाने के कारण उत्पन्न कोविड संक्रमण की दूसरी लहर की घटना को छोड़कर, भारत इस वर्ष के अंत तक तीव्र गति से बहाली की स्थिति तथा कोविड-पूर्व के स्तरों पर पहुंचने के लिए तैयार है। महत्वपूर्ण सूचना का ब्यौरा सारणीबद्ध रूप से अनुबंध में दिया गया है।

**2. अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम**

2.1 विश्लेषणों और सूचियों को उपलब्ध कराने की अग्रणी कंपनी, मोर्गन स्टैले केपिटल इंटरनेशनल (एमएससीआई) जिसकी वैश्विक निवेशकों के बीच अच्छी पैठ है, ने 10 नवम्बर, 2020 को अपनी विभिन्न सूचियों में कई भारतीय कंपनियों को शामिल किया है। ऐसा आर्थिक कार्य विभाग द्वारा एफपीआई नीतियों में बदलाव करने के कारण हुआ है जिसके द्वारा अमुक कंपनी में कुल एफपीआई निवेश की सांविधिक सीमा को 24 प्रतिशत से बढ़ाकर सेक्टर की उच्चतम सीमा तक कर दिया है। इन नई वृद्धियों से आशा है कि भारत में लगभग 2.55 बिलियन अमरीकी डॉलर का परोक्ष अंतर्वाह होगा। नवम्बर माह में भी सर्वाधिक मासिक एफपीआई अंतर्वाह दर्ज किया गया है जो पहली बार बढ़कर 62,782 करोड़ रुपए हुआ है जो मुख्य रूप से इक्विटी में निवेशों के कारण हुआ है।

2.2 (क) आर्थिक कार्य विभाग तथा भारतीय प्रतिभूति मुद्रण और मुद्रा निर्माण निगम (एसपीएमसीआईएल) के बीच संगठन के निष्पादन में सुधार लाने हेतु परस्पर सहमत लक्ष्यों की तुलना में प्रमुख चुनिंदा प्राचलों पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रबंधन के निष्पादन को मापने के लिए 2020-21 के लिए 11 नवम्बर, 2020 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

(ख) लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के उपलक्ष में 100 रुपए मूल्य वर्ग के स्मारक सिक्कों को जारी करने के लिए 18 नवम्बर, 2020 को एक राजपत्र अधिसूचना जारी की गई।

2.3 भारत सरकार ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) परियोजना हेतु 19 नवम्बर, 2020 को न्यू डेवलपमेंट बैंक के साथ 500 मिलियन अमरीकी डॉलर ऋण पर हस्ताक्षर किए।

2.4 (क) 'मेघालय एकीकृत परिवहन परियोजना (एमआईटीपी)' शीर्षक वाली मेघालय सरकार की परियोजना के लिए 19 नवम्बर, 2020 को विश्व बैंक के साथ 120 मिलियन अमरीकी डालर का ऋण हस्ताक्षरित किया गया था।

(ख) प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के तहत "शहरी क्षेत्रों" में प्राथमिक स्वास्थ्य व्यापक सुदृढ़ीकरण के लिए 300 मिलियन अमरीकी डालर के एडीबी ऋण सहायता हेतु आर्थिक कार्य विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा एशियन डेवल्पमेंट बैंक के बीच ऋण वार्ता बैठक दिनांक 09 नवम्बर, 2020 को आयोजित की गई थी।

(ग) द्वितीय बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना के लिए 250 मिलियन अमरीकी डॉलर के आईबीआरडी ऋण हेतु आर्थिक कार्य विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, 10 भागीदार राज्यों (छत्तीसगढ़, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, ओडिशा, राजस्थान और तमिलनाडु) तथा विश्व बैंक के बीच नई दिल्ली (आभासी) में ऋण वार्ता बैठक 10 नवम्बर, 2020 को आयोजित की गई थी। परियोजना की परिकल्पना भागीदार राज्यों में चयनित बांधों की सुरक्षा बढ़ाना तथा भारत में बांध सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु की गई है।

(घ) 'पीआरएफ सुविधा के तहत त्रिपुरा शहरी और पर्यटन विकास परियोजना' के लिए 4.21 मिलियन अमरीकी डालर के एडीबी ऋण सहायता हेतु आर्थिक कार्य विभाग, त्रिपुरा सरकार तथा एशियाई विकास बैंक के बीच ऋण वार्ता बैठक दिनांक 23 नवम्बर, 2020 को आयोजित हुई थी।

2.5(क) एनआईआईएफ अवसंरचना ऋण वित्तीयन प्लेटफार्म (प्लेटफार्म) जिसमें असीम अवसंरचना वित्त लिमिटेड (एआईएफएल) और एनआईआईएफ अवसंरचना वित्त लिमिटेड (एनआईआईएफ आईएफएल) शामिल हैं, में पूंजी प्रवाह को 25 नवम्बर, 2020 को अनुमोदित किया गया था।

(ख) पुनर्निर्मित स्वर्ण जमा योजना (आर-जीडीएस) स्वर्ण धातु ऋण योजना पुनर्निर्माण (आर-जीएमएल) और भारत स्वर्ण सिक्का योजना (आईजीसी) के प्रस्तावित संशोधन माननीय वित्त मंत्री के समक्ष दिनांक 18 नवम्बर, 2020 को प्रस्तुत किए गए थे।

2.6 सीसीईए ने 11 नवम्बर, 2020 को 8100 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 2024-25 तक व्यवहार्यता अंतराल निधियन (वीजीएफ) को अनुमोदन दे दिया था।

**2.7 नवम्बर माह, 2020 के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं:-**

**(i)** माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने दिनांक 9 नवम्बर, 2020 को आभासी रूप से आयोजित ब्रिक्स रूसी अध्यक्षता में पहली ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) के बीच बैठक में भाग लिया था।

(ii) माननीय वित्त मंत्री जी20 वित्त मंत्रियों की बैठक में शामिल हुई थीं जो कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और भावी संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए 20 नवम्बर, 2020 को आभासी रूप से आयोजित की गई थी।

(iii) माननीय वित्त मंत्री ने दिनांक 09 नवम्बर, 2020 को स्वीडन वित्त मंत्री से टेलीकॉफ्रेंस की थी जिनमें भारत ने आगामी अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक एवं वितीय समिति के अध्यक्ष के रूप में सुश्री एंडरसन की उम्मीदवारी का समर्थन किया था।

(iv) सचिव (आर्थिक कार्य) ने वितीय क्षेत्र के लिए कंप्यूटर आपातकालीन मोचन दल (सीएसआईआरटी-वित्त) के प्रभावी परिचालन में भावी संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए दिनांक 02 नवम्बर, 2020 को सचिव (मेईटी) और अन्य हितधारकों के साथ आभासी रूप से बैठक आयोजित की थी।

(v) सचिव (आर्थिक कार्य) ने दिनांक 05 नवम्बर, 2020 को आर्थिक कार्य विभाग और एनआईआईएफ द्वारा आयोजित आभासी वैश्विक निवेशक गोलमेज में भी भाग लिया था। इसमें वैश्विक निवेशकों (21) और भारतीय कारोबारी नेताओं से माननीय प्रधानमंत्री का परस्पर संपर्क शामिल था।

(vi) सचिव (आर्थिक कार्य) चयनित वैश्विक निवेशक के साथ माननीय प्रधानमंत्री की वन-ऑन-वन बैठक में शामिल हुए थे जो 09 नवम्बर, 2020 से आयोजित की गई थी।

(vii) भारत की आईएमएफ मिशन टीम ने आईएमएफ द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था पर आंकलन रिपोर्ट तैयार करने के लिए वित्त मंत्रालय के विभिन्न विभागों/एजेंसियों के साथ 2-11 नवम्बर, 2020 के दौरान आभासी विचार-विमर्श आयोजित किया। परिणामस्वरूप, सचिव (आर्थिक कार्य) ने आईएमएफ मिशन टीम के निष्कर्षों पर चर्चा करने के लिए 13 नवम्बर, 2020 को आईएमएफ टीम के साथ एक डिब्रीफिंग बैठक का आयोजन किया।

(viii) **14**वीं भारत-जर्मनी वित्त मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक अपर सचिव (द्विपक्षीय सहयोग), आर्थिक कार्य विभाग तथा श्रीमान जैकब वॉन व्हिस्कर, मुख्य अर्थशास्त्री, राजकोषीय नीति और अंतर्राष्ट्रीय वितीय एवं मौद्रिक नीति, संघीय वित्त मंत्रालय की सह-अध्यक्षता में 23 नवम्बर, 2020 को आभासी माध्यम से आयोजित की गई थी।

(ix) भारत-जर्मनी वार्षिक वार्तालाप बैठक 2020 को आभासी माध्यम से 27 नवम्बर, 2020 को आयोजित की गई थी। डॉ. सी.एस. मोहपात्रा, अपर सचिव, आर्थिक कार्य विबाग ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया। प्रोफेसर डॉ. क्लाउडिया वार्निंग, एशियाई महानिदेशक; दक्षिण-पूर्वी तथा पूर्वी यूरोप; मध्य पूर्व; लैटिन अमेरिका; सिविल सोसायटी; चर्च, आर्थिक सहयोग तथा विकास संघीय मंत्रालय (बीएमजैड) द्वारा जर्मनी गणराज्य संघ के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया गया।

(x) अपर सचिव (एफएस तथा सीएस), आर्थिक कार्य विभाग ने 03 नवम्बर, 2020 को एफएसबी की मानक कार्यान्वयन संबंधी स्थायी समिति की आभासी बैठक में भाग लिया।

(xi) अपर सचिव (एफएस तथा सीएस), आर्थिक कार्य विभाग ने 12 नवम्बर, 2020 को एफएसबी प्लेनरी की आभासी बैठक में भाग लिया।

(xii) अपर सचिव (एफबी एवं एडीबी) ने 25 नवम्बर, 2020 को विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं की आर्थिक कार्य विभाग की अनुवीक्षण समिति की 112वीं बैठक की अध्यक्षता की।

(xiii) जी 20 के प्रमुखों के प्रतिनिधि मंडल में जी20 वित्त विष्पादन कार्य से संबंधित पैराग्राफ को अंतिम रूप देने के लिए 11-12 नवम्बर, 2020 को जी 20 वित्त एवं सेन्ट्रल बैंक के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई।

(xiv) ऋणों के प्रशोधन के लिए एक सामान्य संरचना को स्वीकृति प्रदान करने के लिए 13 नवम्बर, 2020 को वित मंत्रियों एवं सेन्ट्रल बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की एक विशिष्ट बैठक आयोजित की गई।

(xv) 3 नवम्बर, 2020 को एफएसबी के एशिया क्षेत्रीय परामर्श समूह की एक आभाषी बैठक आयोजित की गई।

(xvi) 24 नवम्बर, 2020 को सदस्य, सेबी की अध्यक्षता में अर्ली वार्निंग ग्रुप की 20वीं बैठक आयोजित की गई।

(xvii) सचिव, भेषज विभाग की अध्यक्षता में "कोविड-19 वैक्सिन वैल्यू चेन को एडीबी का समर्थन" पर एक वेबिनार में 5 नवम्बर, 2020 को आर्थिक कार्य विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

(xviii) आईएफसी और उसके मुद्दों पर नए एफबी एवं एडीबी पदाधिकारियों की ब्रीफिंग करने के लिए आर्थिक कार्य विभाग और आईएफसी के पदाधिकारियों के बीच एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता श्री जुन जांग, राष्ट्र प्रमुख ने की।

(xix) 27 नवम्बर, 2020 को विडियो कॉन्फरेंस के माध्यम से भारत में एनडीबी परियोजनाओं की त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो समीक्षा बैठक (टीपीआरएम) आयोजित की गई।

(xx) नेशनल इन्वेस्टमेंट एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड ट्रस्टी लिमिटेड (एनआईआईएफटीएल) की 23वीं बोर्ड की बैठक 27 नवम्बर, 2020 को आयोजित की गई थी।

(xxi) आर्थिक कार्य विभाग ने रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए मॉडल बिड डाक्यूमेंट्स पर विचार करने हेतु रेल मंत्रालय द्वारा बुलाई गई अंतर-मंत्रालयी बैठक में भाग लिया।

(xxii) 12 नवम्बर, 2020 को विजिन्जम इन्टरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सी पोर्ट प्रोजेक्ट पर विचार करने के लिए अवसंरचना (व्यवहार्यता अंतराल निधियन योजना) में पीपीपी को वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत एम्पावर्ड इन्स्टीट्यूशन (ईएल) की 84वीं बैठक आयोजित की गई थी।

(xxiii) अवसंरचना (व्यवहार्यता अंतराल निधियन योजना) में सार्वजनिक निजी हिस्सेदारी को वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक 18 नवम्बर, 2020 को आयोजित की गई थी।

3. **न्यूनतम सरकार, अधिकतम अभिशासन**

विशेषकर, सूचना के प्रस्तुतीकरण में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

4. **एसीसी के निर्देशों/आदेशों का पालन न किया जाना**

शून्य।

5. **विभाग में माह के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों एवं अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति**

विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षा: 17

***

*अनुबंध*

| सारणी 1: स्थिर (2011-12) मूल्य पर जीवीए की तिमाही वार वृद्धि (प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्षेत्र | 2019-20 | | | | 2020-21 | |
| | ति.1 | ति.2 | ति.3 | ति.4 | ति.1 | ति.2 |
| कृषि, वानिकी एवं मत्स्य पालन | 3.0 | 3.5 | 3.6 | 5.9 | 3.4 | 3.4 |
| उद्योग | 4.2 | 0.5 | -0.3 | -0.6 | -38.1 | -2.1 |
| सेवाएं | 5.5 | 6.5 | 5.7 | 4.4 | -20.6 | -11.4 |
| आधार मूल्य पर जीवीए | 4.8 | 4.3 | 3.5 | 3.0 | -22.8 | -7.0 |

*स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ)।*

| सारणी 2: जीडीपी और इसके घटकों की मांग में वार्षिक वास्तविक वृद्धि (प्रतिशत) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | | | | 2020-21 | |
| | ति.1 | ति.2 | ति.3 | ति.4 | ति.1 | ति.2 |
| कुल खपत | 5.6 | 7.8 | 7.6 | 4.2 | -19.2 | -13.3 |
| सरकारी खपत | 6.2 | 14.2 | 13.4 | 13.6 | 16.4 | -22.2 |
| निजी खपत | 5.5 | 6.4 | 6.6 | 2.7 | -26.7 | -11.3 |
| सकल नियत पूंजी निर्माण | 4.6 | -3.9 | -5.2 | -6.5 | -47.1 | -7.3 |
| निर्यात | 3.2 | -2.2 | -6.1 | -8.5 | -19.8 | -1.5 |
| आयात | 2.1 | -9.4 | -12.4 | -7.0 | -40.4 | -17.2 |
| बाजार मूल्य पर जीडीपी | 5.2 | 4.4 | 4.1 | 3.1 | -23.9 | -7.5 |

*स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ)।*

| सारणी 3 :मुद्रास्फीति-सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| | अक्तूबर-19 | सितम्बर-20 | अक्तूबर-20 |
| सीपीआई-सी | 4.62 | 7.27 | 7.61 |
| डब्ल्यूपीआई | 0.00 | 1.32 | 1.48 |

*स्रोत: सीपीआई-सी और ओईए के लिए एनएसओ, डब्ल्यूपीआई के लिए डीपीआईआईटी*

*टिप्पणी: पिछले दो महीनों के लिए डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति और पिछले एक महीने के लिए सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अनंतिम है।*

| सारणी 4 :मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| मद | 20.11.2020 |
| नीति रेपो दर | 4.00 |
| दस वर्ष की सरकारी प्रतिभूति के समकक्ष उपज (एफबीआईएल) | 5.92 |
| बैंक ऋण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि # | 5.7 |

*टिप्पणी: # दिनांक 06 नवम्बर, 2020 की स्थिति के अनुसार*

| सारणी 5 : व्यापारिक माल व्यापार निष्पादन (सीमा शुल्क के आधार पर) (अमरीकी बिलियन डॉलर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| अक्तूबर, 2019 | 26.2 | 38.0 | -11.8 |
| अक्तूबर, 2020 | 24.9 | 33.6 | -8.7 |

| सारणी 6: व्यापार निष्पादन सेवाएं (अमरीकी बिलियन डॉलर में) | | | |
|---|---|---|---|
| सितम्बर, 2020 | 17.3 | 10.1 | 7.2 |
| *स्रोत: वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के दिनांक 13.11.2020 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनंतिम डाटा* | | | |

| सारणी 7: बकाया भुगतान | | |
|---|---|---|
| मद | 2019-20 ति1 | 2020-21 (पी) ति1 |
| चालू खाता शेष (अमरीकी बिलियन डॉलर) | -15.0 | 19.8 |
| चालू खाता शेष/जीडीपी (प्रतिशत) | -2.1 | 3.9 |
| *स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक।* | | |

| सारणी 8: विदेशी मुद्रा भंडार (अमरीकी बिलियन डॉलर) | |
|---|---|
| मार्च, 2020 | 477.8 |
| 06.11.2020 | 568.5 |
| *स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक।* | |

| सारणी 9: भारतीय रूपए की विनिमय मुद्रा दर (विदेशी मुद्रा की प्रति इकाई रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अमरीकी डॉलर | पौंड स्टर्लिंग | यूरो | जापानी येन |
| 20.11.2020 | 74.1598 | 98.4956 | 88.1547 | 71.4700 |
| *स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक।* | | | | |

| सारणी 10: विदेशी ऋण (अमरीकी बिलियन डॉलर) | | | |
|---|---|---|---|
| | जून, 2019 पीआर के अंत तक (1) | जून, 2020 पी के अंत तक (2) | प्रतिशत भिन्नता [(2/1)-1]*100 |
| कुल बकाया विदेशी ऋण | 556.9 | 554.5 | -0.4 |
| *स्रोत: सितम्बर, 2020 के अंत तक विदेशी ऋण पर तिमाही रिपोर्ट, भारतीय रिजर्व बैंक।* | | | |

| सारणी 11: औद्योगिक उत्पादन के मुख्य बिन्दु* | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | जुलाई-19 | अगस्त - 19 | सितम्बर - 19 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | 4.9 | -1.4 | -4.6 |
| मासिक वृद्धि | जुलाई-20 | अगस्त-20 | सितम्बर - 20 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | -10.8 | -7.4 | 0.2 |

| सारणी 12: आठ प्रमुख उद्योग* | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | अगस्त - 19 | सितम्बर - 19 | अक्तूबर-19 |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | -0.2 | -5.1 | -5.5 |
| मासिक वृद्धि | अगस्त-20 | सितम्बर-20 | अक्तूबर-20 |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | -7.3 | -0.1 | -2.5 |

*****